RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 16 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 55 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## देवेंद्र - शिंदे की दोस्ती फेविकोल का जोड़ है, एकाध विज्ञापन से नहीं टूटेगी - सीएम शिंदे



**पालघरः** पिछले दो दिनों में शिंदे की शिवसेना के विज्ञापन जारी होने के बाद, बीजेपी ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को टशन दिखा दी है. सूत्रों के हवाले से खबर है कि शिवसेना को साफ कह दिया गया है कि वे देवेंद्र फडणवीस को कमतर दिखाने की कोशिश न करें. इसके बाद आज (15 जून, गुरुवार) पालघर में 'सरकार आपके दर परह्न कार्यक्रम में सीएम एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस एक साथ दिखाई दिए. दोनों पालघर तक एक ही हेलिकॉप्टर में भी गए. लेकिन नीचे उतर कर कार्यक्रम स्थल तक सीएम शिंदे के साथ चलने से फडणवीस ने इनकार कर दिया.

# महाराष्ट्र कैबिनेट में अठावले को भी चाहिए मंत्री पद

## बताया 2024 के लोकसभा चुनाव का प्लान



**मुंबई :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने महाराष्ट्र में अगले कैबिनेट विस्तार में अपनी पार्टी के लिए मंत्री पद की मांग की है. केंद्र में एनडीए गठबंधन के सहयोगी अठावले ने बुधवार रात मुंबई के बाहरी इलाके वसई में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे. अठावले ने कहा कि उन्होंने मंत्री पद के लिए उपयुक्त मंच पर पहले ही अपनी मांग रख दी थी. 63 वर्षीय दलित नेता रामदास अठावले ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि आरपीआई (ए) को अगले साल महाराष्ट्र में कम से कम दो से तीन लोकसभा सीटों और 10 से 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिले.

48 लोकसभा सीटों और 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के गठबंधन की सरकार है. उन्होंने कहा कि आरपीआई (ए) आगामी नगर निकाय और जिला परिषद चुनावों में बीजेपी और शिंदे गुट गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे. महाराष्ट्र में सत्ता पर काबिज बीजेपी और शिवसेना के सदस्य पहले से ही कैबिनेट विस्तार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच अठावले की मांग ने कैबिनेट विस्तार को राजनीतिक रूप से और भी दिलचस्प बना दिया है. बता दें कि जून में सत्ता में वापसी करने के बाद पिछले साल 9 अगस्त को शिंदे-फडणवीस सरकार में 18 मंत्रियों को शामिल किया गया था, जबकि नियमों के मुताबिक राज्य कैबिनेट में अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं. इससे पहले, महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता शंभूराज देसाई ने कहा था कि मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले या उससे भी पहले किया जाएगा.

# 150 करोड़ के घोटाले का आरोप

## मुश्किल में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार



**मुंबईः** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार मुश्किलों में घर गए हैं. उन पर उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने 150 करोड़ के घोटाले के आरोप लगाया है. आरोप है कि कृषि उद्योग विकास महानिगम में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है.

यह घोटाला कीटनाशक खरीदने के लिए निकाले गए टेंडर में किया गया है. ठाकरे गुट ने यह आरोप अब्दुल सत्तार के करीबी की ओर से अकोला के कृषि विभाग पर छापेमारी का जिक्र करते हुए लगाया है. आरोप है कि छापेमारी करने वाले कृषि अधिकारी बन कर गए थे जबकि वे लोग सत्तार के करीबी थे. आरोप है कि छापेमारी के दौरान नकली खाद का आरोप लगाने वाली टीम में जो लोग शामिल थे, वे लोग ही नकली थे, यानी वे नकली जांच अधिकारी थे. इस खबर की खिल्ली उड़ाते हुए उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुखपत्र सामना में 150 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया गया है.

# 'कहीं भी जानवरों के अनियंत्रित वध की अनुमति नहीं देंगे',

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को लगाई फटकार



**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को पशु वध को लेकर याचिकाकर्ता को जमकर फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि वे कहीं भी अनियंत्रित तरीके से पशुओं के वध की अनुमति नहीं दे सकते हैं। साथ ही कोर्ट ने कोल्हापुर में विशालगढ़ किले के संरक्षित क्षेत्र के भीतर पशु बलि पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा है । बता दें कि बॉम्बे हाई कोर्ट में विशालगढ़ किले के भीतर पशु बलि पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती देने के लिए याचिका दायर की गई थी।

हजरत पीर मलिक रेहान मीरा साहेब दरगाह ट्रस्ट द्वारा दायर याचिका में इस साल 1 फरवरी को मुंबई के पुरातत्व और संग्रहालय के उप निदेशक द्वारा जारी किए गए निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें देवताओं को बलिदान देने के नाम पर अवैध पशु वध पर रोक लगाई गई थी। मुंबई के पुरातत्व और संग्रहालय के उप निदेशक के निर्देश में 1998 के उच्च न्यायालय के एक आदेश का हवाला दिया गया था, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर देवी-देवताओं के नाम पर पशु बलि पर प्रतिबंध लगाया गया था।

# उद्धव ठाकरे के लिए खुले हैं BJP के दरवाजे...,

## उपमुख्यमंत्री ने दिया गठबंधन का ऑफर

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे के विज्ञापन से राज्य का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इस विज्ञापन से भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में नाराजगी का माहौल है। शिंदे गुट की तरफ से दिए गए इस विज्ञापन के बाद राजनीतिक गलियारों में गठबंधन सरकार को लेकर तरह-तरह अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। इस बीच, बीजेपी नेता केशव प्रसाद मौर्य ने शिवसेना (ठाकरे समूह) के पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को दोस्ती की पेशकश की है। इसे लेकर अब राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गई हैं।



### उद्धव ठाकरे के लिए भाजपा के दरवाजे खुले

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मोदी@9 महाजनसंपर्क अभियान के अवसर पर महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। इस बीच उन्होंने बात करते हुए उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। मौर्य ने कहा, उद्धव ठाकरे के लिए भाजपा के दरवाजे खुले हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, "उद्धव ठाकरे बालासाहेब ठाकरे के बेटे हैं। उनका कोई विचार हो तो हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा करनी चाहिए। बीजेपी के दरवाजे बंद नहीं हैं।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# अशांत मणिपुर

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला न थमना गंभीर चिंता की बात है। मणिपुर मे हिंसा जारी रहते हुए एक माह से अधिक का समय बीत गया है। इस हिंसा में सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और 50 हजार से अधिक लोग बेघर हुए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना कठिन है कि अपना घर-बार छोड़ने को मजबूर लोग कब तक अपने घरों को लौट सकेंगे। यह आसान नहीं, क्योंकि ऐसे अधिकांश लोगों के घर जला दिए गए हैं। हालांकि पीड़ितों में मैती और कुकी, दोनों समुदाय के लोग हैं, लेकिन वे एक-दूसरे पर आरोप लगाकर खुद को निर्दोष बता रहे हैं। इससे बात बनने वाली नहीं है, क्योंकि सच यह है कि दोनों पक्षों की ओर से हिंसा की गई है। मणिपुर के अशांत-अस्थिर बने रहने का एक कारण म्यांमार के कुकी उग्रवादियों का राज्य में दखल भी है। इसे हर हाल में समाप्त करना होगा। यह ठीक नहीं कि राज्य और केंद्र सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी हिंसक तत्वों पर लगाम नहीं लग पा रही है। वे जिस तरह रह-रह कर हत्या और हिंसा करने में सक्षम हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि सुरक्षा बलों और सेना की तैनाती के बाद भी उनका दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

यह सामान्य बात नहीं कि उग्रवादी सुरक्षा बलों पर भी हमला करने में हिचक नहीं रहे हैं। उन्होंने जिस तरह पुलिस के हथियार लूटे, वह दुस्साहस की पराकाष्ठा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कुछ लूटे गए हथियार वापस किए गए हैं, क्योंकि हिंसक तत्व अभी भी घातक हथियारों से लैस हैं। वास्तव में वे उन्हीं के बल पर हिंसक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैती समुदाय के बीच वैमनस्य किस हद तक बढ़ गया है, इसका पता इससे चलता है कि राज्यपाल की अध्यक्षता वाली शांति समिति के जरिये सद्भाव कायम करने के प्रयास भी सफल नहीं हो पा रहे हैं। कुकी समुदाय को इस पर आपत्ति है कि मुख्यमंत्री को शांति समिति में क्यों शामिल किया गया? आखिर राज्य के मुख्यमंत्री को शांति-सद्भाव कायम करने की किसी पहल से बाहर कैसे रखा जा सकता है? जो भी हो, शांति समिति में मुख्यमंत्री की भागीदारी का विरोध यही बताता है कि कुकी उन पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

इन स्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि केंद्र सरकार राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ाए। यह ठीक है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने मणिपुर में तीन दिनों तक रहकर वहां के हालात काबू में करने की कोशिश की, लेकिन परिस्थितियां यही बयान कर रही हैं कि केंद्र सरकार को वहां और सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। मणिपुर में मैती और कुकी समुदाय के आपसी वैमनस्य को दूर करने के साथ ही उसके कारणों का निवारण भी किया जाना चाहिए, क्योंकि वहां रह-रहकर हालात बिगड़ते रहते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई की लोकल ट्रेन में महिला का यौन उत्पीड़न...

## अपराध के आठ घंटे बाद आरोपी पकड़ा गया



**मुंबई :** मुंबई की चलती लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में बुधवार सुबह 40-वर्षीय एक व्यक्ति ने 20-वर्षीया महिला का उस वक्त कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया, जब वह अकेली यात्रा कर रही थी। राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के करीब आठ घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई के गिरगांव की रहने वाली महिला नवी मुंबई के बेलापुर की ओर जा रही थी, जहां उसे एक परीक्षा में शामिल होना था। अधिकारी ने बताया कि महिला बुधवार सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से हार्बर लाइन लोकल ट्रेन में सवार हुई। उन्होंने बताया कि ट्रेन के चलने के साथ ही एक व्यक्ति महिला डिब्बे में घुस गया, जो उस समय खाली था। अधिकारी ने कहा, 'उसने कथित तौर पर सीएसएमटी और मस्जिद स्टेशनों के बीच सुबह करीब 7:26 बजे महिला का यौन उत्पीड़न किया। जब महिला ने शोर मचाया तो वह व्यक्ति मस्जिद स्टेशन (सीएसएमटी के बाद अगला स्टेशन) पर उतरकर भाग गया।' अधिकारी ने कहा कि महिला ने जीआरपी से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

अधिकारी ने बताया, ''जीआरपी, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), अपराध शाखा और मुंबई पुलिस के कर्मियों के दलों ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मस्जिद स्टेशन के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच की। बाद में आरोपी की पहचान की जा सकी और शाम करीब चार बजे उसे गिरफ्तार कर लिया गया।' अधिकारी के अनुसार, आरोपी दिहाड़ी मजदूर है और उसके खिलाफ बलात्कार सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

# मुंबई के जुहू बीच पर समुद्र में डूबे 4 बच्चों के शव बरामद



**मुंबई :** मुंबई के जुहू कोलीवाडा इलाके में अरब सागर के पास से लापता हुए चारों लड़को के शव मिल गए है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया कि लापता सभी चार लड़कों के शव समुद्र से बरामद कर लिए गए है। उपनगरीय सांताक्रूज (पूर्व) में वकोला इलाके के 5 नाबालिग लड़कों का समूह सोमवार शाम को जब समुद्र तट के पास गये तब पाने के तेज बहाव ने उन्हें अंदर खींच लिया। एक को स्थानीय मछुआरों ने बचा लिया, जबकि बाकी चार लापता हो गए थे। मृतकों की पहचान मनीष योगेश ओगनिया (12), शुभम योगेश ओगनिया (15), रोशन ताजबरिया (15) और धर्मेश वलजी फौजिया (16) के रूप में हुई है।

# ठाणे में इंस्टाग्राम रील बनाने के चक्कर में 18 वर्षीय लड़के की मौत



**ठाणे :** ठाणे जिले के डोंबिवली में इंस्टाग्राम रील बनाने के दौरान एक 18 वर्षीय लड़का हादसे का शिकार हो गया। शहर के ठाकुर्ली स्थित पंप हाउस के गहरे कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के साथ मौजूद उसके दोस्तों ने विष्णुनगर पुलिस को दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक युवक का नाम बिलाल सोहिल शेख (उम्र 18) है। मुंब्रा निवासी बिलाल अपने दो दोस्तों के साथ रील बनाने के लिए शनिवार की शाम ठाकुर्ली स्थित पंप हाउस गया था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गया। बिलाल के कुएं में गिरने के बाद उसके साथ मौजूद उसके दो दोस्त नजदीकी रेलवे पुलिस के पास गए। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने इसकी सूचना विष्णुनगर पुलिस को दी और डोंबिवली फायर ब्रिगेड की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। 32 घंटे बाद कुएं में गिरे युवक का शव बरामद कर लिया गया।

# पति को मारने की धमकी देकर पड़ोसी महिला से बार बार दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**नालासोपारा :** इलाके में रहने वाले आकाश विठ्ठल संकपाल नाम के व्यक्ति ने ब्लैकमेलिंग कर 29 साल की महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म किया। आरोपी पीड़िता के पड़ोस में ही रहता है, इसी मौके का फायदा उठाकर उसने इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। आरोपी ने महिला से कहा कि वह उसकी तस्वीरों को वायरल कर देगा।

जिसके डर से महिला को कोई कदम न उठा सकी और आरोपी उसके साथ बार- बार दुष्कर्म करता रहा। उसने उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने किसी तरह हिम्मत जुटाई और इसकी तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने महिला का बयान दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद अदालत ने आरोपी आकाश विठ्ठल संकपाल को पुलिस हिरासत में भेज दिया है।




# कारगर साबित हो रही है पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पुनःधैर्य योजना!

## पिछले चार माह में पुलिस ने साढ़े छह सौ से अधिक महिलाओं से संपर्क कर उन्हें न्याय दिलाया

**वसई :** मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पुनःधैर्य योजना को शुरू किया गया है। पिछले चार माह में पुलिस ने साढ़े छह सौ से अधिक महिलाओं से संपर्क कर उन्हें न्याय दिलाया। इन सभी महिलाओं में से केवल चार महिलाओं को फिर से पीड़ित पाया गया है। इससे साफ है कि पुलिस यह पहल महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

**जनवरी से शुरू हुई योजना**

महिलाओं के साथ होनेवाले अन्याय के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई करती है। अगर मामला पारिवारिक हुआ तो पुलिस के भरोसा सेल के माध्यम से समझौता कराया जाता है। लेकिन पुलिस को इस बात की शिकायत मिल रही थी कि दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के बाद भी महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा हैं, जिसके बाद पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय द्वारा जनवरी माह से पुनःधैर्य योजना शुरू की गई। इस योजना के



तहत प्रत्येक शनिवार थाने में दर्ज केस के आधार पर पीड़ित महिला से संपर्क कर उन्हे न्याय दिलाने का काम किया जाता थाने में दर्ज शिकायात के अनुसार, महिला को किसी परेशानी या प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी मांगी जा रही है।

**सफल साबित हो रही है यह योजना**

यह योजना जनवरी २०२३ से शुरू हुई, पहले महीने में १६८ महिलाओं से संपर्क किया गया, जिसमें से केवल चार महिलाएं फिर से पीड़ित पाई गई। पुलिस ने उस मामले में कानूनी कार्रवाई की है। इसका बाद पुलिस ने फरवरी में १५७, मार्च में १७४ और अप्रैल में १५८ महिलाओं से संपर्क कर उन्हे न्याय दिलाया।

पुनःधैर्य योजना के कार्य पर सहायक पुलिस आयुक्त नजर रख रहे हैं और उपायुक्त के मार्गदर्शन में यह योजना क्रियान्वित की जा रही है, पुलिस आयुक्त द्वारा इस योजना की नियमित समीक्षा की जाती है। साथ ही शहर के छात्र-छात्राएँ, युवाओं को जागरुक करने के लिए जल्द ही स्कूली में जन जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# करोड़ो रुपए खर्च किए ... फिर डुबेगा वसई- विरार, मनपा व ठेकेदारों की लापरवाही

**वसई :** मुंबई सहित महाराष्ट्र में जल्द ही मानसून दस्तक देनेवाला है। मुंबई सहित आस- पास के इलाकों में बरसात भी शुरू हो गई है। लेकिन वसई विरार मनपा द्वारा अभी भी नालों का निर्माण का कार्य और सफाई कार्य किया जा रहा है। लोग इस बात से भयभीत है, कि वसई- विरार मनपा के अधिकारीयों की लापरवाही के चलते इस बार भी कई इलाकों में पानी भर सकता है। ज्ञात हो कि वसई- विरार महानगरपालिका क्षेत्र के कई हिस्सों में हर साल बारिश के सीजन में पानी का भराब होता है। पानी का भराब न हो, इसके लिए मनपा ने १०करोड़ रुपए का टेंडर निकालकर ठेकेदारों



को कांट्रेक्ट देकर काम चालू करवाया था। अब जब मानसून एकदम नजदीक आ गया है तो भी नालों और गटर के निर्माण का कार्य चालू है।

**होगी बाढ़ जैसी स्थिति**

मनपा के अधिकारी समय पर काम पूरा होने का दावा कर रहे है। दावा कितना सही है, यह तो आनेवाला समय ही बताएगा क्योकि काम अभी भी चालू है। अगर अधूरे निर्माण कार्य तत्काल पूरे नहीं हूए तो एक बार फिर गाला नगर, शंखेश्वर नगर, अचोले रोड, सेंट्रल पार्क, ओसवास नगरी, विजय नगर, संतोष भुवन, धानिव बाग इत्यादि क्षेत्र के निवासियों के घरों में पानी भरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**नागरिक भुगतेंगे खामियाजा**

हर साल नाले की साफ-सफाई, नाले के निर्माण कार्य में करोड़ों रुपए खर्च होते है, इसके बावजूद मानसून में शहर के कई क्षेत्रों में पानी जमा होता है। कई क्षेत्रों में नालों और गटर की साफ-सफाई नहीं की गई है। मनपा और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा इस बार भी बरसात में नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। नाले निर्माण का काम ९५ फीसदी पूरा हो गया हैं, ५ प्रतिशत काम अभी बाकी है एक सप्ताह के अंदर काम पूरा हो जाएगा। मनपा ने इस वर्ष नाले निर्माण के लिए१० करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। गटर निर्माण के लिए खोदकर निकाली गई मिट्टी, जो रोड पर है उसे जल्द ही हटा दिया जाएगा। (राजेंद्र लाड, वसई - विरार मनपा कार्यकारी अभियंता)

# नालासोपारा में वैश्यवृत्ति का पदार्फाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

**वसई :** अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष नालासोपारा की टीम ने नालासोपारा पश्चिम के एक फार्म हाउस पर रेड कर 1 पीड़ित महिला को वैश्यवृत्ति से छुड़ाया व 2 वेश्यादलाल को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी उपायुक्त अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में पी.आई (अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष नालासोपारा) संतोष चौधरी की टीम ने की है।यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। पुलिस के मुताबिक अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष नालासोपारा के अधिकारी व कर्मचारियों



ने गुप्त सूचना के आधार व बोगस ग्राहक के जरिए नालासोपारा पश्चिम के हर्ष फार्म हाउस पर वैश्यवृत्ति का पदार्फाश किया है। इस दौरान एक 24 वर्षीय महिला को वैश्यवृत्ति के दलदल से छुड़ाया तथा दो वेश्यादलाल को धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने मोबाइल फोन के माध्यम से हर्ष फार्म हाउस,नालासोपारा पश्चिम में अलग-अलग पुरुष ग्राहक से संपर्क किया, उनसे पैसे स्वीकार किए, महिलाओं से वेश्यावृत्ति में लिप्त रहे व उसी से कमीशन पर जीवन यापन करता था। हालांकि,उपरोक्त टीम के पुलिस हवालदार महेंद्र शेट्टी की शिकायत पर अनार्ला पुलिस स्टेशन ने आरोपी आनंद रमेश गवारी - हर्ष फार्म हाउस का मालिक व लक्ष्मण साव (वेटर) के ऊपर कलम 370 (1),34 व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# अति धनाढ्यों का अपनी जन्मभूमि से पलायन!




**मुंबई :** पिछले कुछ वर्षों में हिंदुस्थान के अति धनवान लोग लगातार अपना देश छोड़कर विदेशों में जाकर बस रहे हैं। खबर है कि अति धनाढ्यों का अपनी जन्मभूमि को हमेशा के लिए 'राम-राम' कहकर विदेश में बसने का यह सिलसिला इस वर्ष भी जारी रहेगा। यह जानकारी दुनियाभर के देशों में हो रहे पलायन पर नजर रखने और उसका अध्ययन करनेवाली संस्था 'हेन्ली प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन' ने अपनी रिपोर्ट में दी है। विशेषकर अपनी मातृभूमि छोड़कर दूसरे देशों में पलायन करनेवाले उन सभी देशों के सधन व गब्बर लोगों की जानकारी एकत्र करने का काम यह संस्था करती है। 'हेन्ली' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस साल हिंदुस्थान के तकरीबन ६ हजार ५०० अति धनाढ्य लोग देश छोड़कर चले जाएंगे। पिछले साल हिंदुस्थान के साढ़े सात हजार अमीर लोग विदेश जाकर बस गए। देश छोड़कर भागनेवाले अमीर लोगों की वैश्विक रैंकिंग में हिंदुस्थान दूसरे स्थान पर है। चीन इन आंकड़ों में पहले स्थान पर है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल १३ हजार ५०० चीन के अरबपति देश छोड़ देंगे। चीन में कम्युनिस्ट शासन की एकाधिकारशाही, कुल मिलाकर उत्पीड़न और उद्योग-व्यवसाय के माध्यम से व्यक्तिगत विकास के लिए चीन में अनुकूल वातावरण नहीं होने के कारण वहां के धनाढ्य और ज्यादा अमीरी का पीछा करते हुए विदेशी भूमि के करीब जा रहे हैं, यह एक बार समझा जा सकता है। चीन की साम्यवादी सोच वाली सरकार और वहां के सख्त नियम-कानून की वजह से चीनी अमीर देश से पलायन करते हैं, ऐसा तर्क हो सकता है; लेकिन हिंदुस्थान के अति धनाढ्यों को ऐसा क्यों लगता है कि उन्हें अब अपना देश छोड़ देना चाहिए? वैसे भी अगर पिछले कुछ वर्षों से हिंदुस्थान के अति धनाढ्य करोड़पति लगातार देश छोड़ रहे हैं, तो इसकी असली वजह क्या है, केंद्र सरकार या नीति आयोग जैसी संस्थाओं ने क्या कभी इसका सही कारण जानने की कोशिश की है? महंगाई ने देश के आमजनों का जीना मुश्किल कर रखा है। बेरोजगारी, गरीबी, निर्धनता का मुकाबला करते हुए देश की गरीब जनता, किसान, मजदूर हर दिन जीवन- मरण का संघर्ष कर रहे हैं और अपने ही देश में पैर जमाकर खड़े अत्यंत धनवान लोग अपने देश को छोड़कर बाहर जाने की कल्पना करें, ये अविश्वसनीय है।




# राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे यूपी के नेता?

## ■ मुंबई में आज से 2800 MLA करेंगे 40 विषयों पर मंथन
## ■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दूसरे दिन आएंगे



**मुंबई:** मुंबई में देशभर के विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो रहा है, लेकिन सम्मेलन को लेकर देर रात तक असंजस की स्थित बनी रही, क्योंकि बीजेपी के विधायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के महाजनसंपर्क अभियान के प्रचार-प्रसार में लगे हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के विधायकों ने विधायक सम्मेलन में शामिल होने से मना कर दिया है। महाराष्ट्र में बीजेपी और शिंदे सेना के अलावा महाविकास आघाडी के विधायकों में तनातनी की स्थिति है। ऐसे में महाराष्ट्र के सभी 288 विधायक शामिल होंगे, इस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे, मुंबई आने वाले विधायकों के ठहरने के लिए 20 से ज्यादा पांच सितारा होटलों में कमरे बुक कराए गए हैं।

पहली बार देश में अपनी तरह का विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है। सम्मेलन में विधानसभा के विधायक और विधान परिषद के सदस्य भी शामिल होंगे। आयोजकों का दावा है कि देशभर के विभिन्न राज्यों से 4 हजार से ज्यादा विधायक आएंगे।

वैसे देशभर के विभिन्न राज्यों से 2800 विधायकों ने सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपनी अनुमति दी है। लोकतंत्र में नीति निर्माण, विधायिका को मजबूती, सदन में विधायकों की भूमिका और कार्य व्यवहार जैसे 40 विषयों पर बैठक में मंथन किया जाएगा। बीकेसी में 15 से 17 जून तक राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन कराने का खाका एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के संस्थापक अध्यक्ष राहुल विश्वनाथ कराड ने रखी। वे सम्मेलन के मुख्य आयोजन समन्वयक हैं।

राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय व्यापक सतत विकास के केंद्रीय विचार के साथ आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 16 जून को किया जाएगा। देश में पहली बार हो रहा यह सम्मेलन देश को लगातार प्रगतिशील सोच और नेतृत्व देने वाली महाराष्ट्र की धरती मुंबई में हो रहा है। खबर है कि उत्तर प्रदेश के बीजेपी विधायकों के 'राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन' में जाने पर रोक लगा दी गई है। इसका कारण बताया गया है कि विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में जानकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के विकास कार्य को प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया है।

### कई नेता होंगे शामिल...

**सम्मेलन में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, डॉ. मीरा कुमार, शिवराज पाटील, मनोहर जोशी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, पूर्व अध्यक्ष दिलीप वलसे पाटील सहित कई दूसरे लोग भी कार्यक्रम शामिल विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। इनमें मनोहर जोशी की सेहत ठीक नहीं है। हाल ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सत्र के दूसरे दिन शामिल होंगे।**

# वायरस ने ब्रेन पर भी किया असर




**मुंबई :** कोरोना वायरस ने दुनिया में काफी तबाही मचाई थी। तीन साल बाद अब ये वायरस बहुत हद तक काबू में आ गया है, लेकिन इससे संक्रमित हो चुके लोगों में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां अभी तक खत्म नहीं हो रही हैं।

कोविड ने लंग्स, हार्ट समेत शरीर के कई ऑर्गन को नुकसान पहुंचाया है। अब एक रिसर्च में पता चला है कि इस वायरस ने ब्रेन पर भी असर किया है। ब्रेन का सेरिबैलम कोविड वायरस के प्रति ज्यादा संवेदनशील है। एक नई एमआरआई तकनीक का उपयोग करने वाले एक नए अध्ययन में इस बात की जानकारी दी गई है।

कनाडा के टोरंटो में रोटमैन रिसर्च इंस्टीट्यूट और सनीब्रुक अस्पताल के अध्ययन में कहा गया है कि कोरोना ब्रेन फंक्शन पर भी असर कर रहा है। नई इमेजिंग तकनीक, जिसे सीडीआई कहा जाता है, उसके जरिए ये जानकारी सामने आई है। ''मन ब्रेन मैपिंग' पत्रिका में प्रकाशित रिसर्च में कहा गया है कि एमआरआई का एक नया रूप, सीडीआई पानी के टिश्यू में अलग-अलग पल्स स्ट्रेंथ और टाइमिंग पर एमआरआई संकेतों को पकड़ रहा है। इस रिसर्च में पता चला है कि दिमाग के सेरिबैलम हिस्से में अन्य हिस्सों की तुलना में कोविड का अधिक असर हुआ है। इससे लोगों को ब्रेन फॉग, भूलने की समस्या, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और याददाश्त की कमजोरी जैसी सम्स्या का सामना करना पड़ा है। इस रिसर्च में शोधकताओं ने एमआरआई तकनीक का इस्तेमाल किया है। रिसर्च में कहा गया है कि कोरोना सिर्फ लंग्स को ही प्रभावित नहीं करता है। नई एमआरआई तकनीक से कोविड-१९ के कारण मस्तिष्क में होनेवाले बदलावों की पहचान करने में सफलता मिली है।

# मुंबई/ तंबाकू प्रतिबंधित चेतावनी के नए नियमों पर आई एमए आई ने जताई नाराजगी



**मुंबई :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ओटीटी के लिए तंबाकू प्रतिबंधित चेतावनी को अनिवार्य करने को लेकर एक अधिसूचना जारी की है। इस सूचना से पहले ओटीटी उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों की राय नहीं ली गई है। जिससे ओटीटी उद्योग से जुड़े कंपनियों के संगठन इंटरनेट एंड मोबाइल असोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएमएआई) ने नाराजगी दर्शाई है। उनका कहना है कि इस संदर्भ में नए नियम बनाने से पहले उनसे कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। केंद्र सरकार ने मनमानी तरीके से यह नियम बनाया है। इससे उनके उद्योग को फटका लगेगा। संगठन ने नए तंबाकू प्रतिबंधित दिशा-निदेर्शों के कार्यान्वयन के दौरान संभावित कठिनाइयों पर प्रकाश डाला है। नई चेतावनियों को लागू करने से उनके उत्पन्न में समस्या होगी। होने वाली उन व्यावहारिक समस्याओं पर चिंता प्रकट की है। संगठन ने बताया कि भारत में इंटरनेट एवं ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कंटेंट की मात्रा बहुत अधिक है। ऐसे में एक ही कंटेंट के लिए कई भाषाओं में ऑडियो-वीडियो में चेतावनियां बनाने के लिए कई समस्याएं आएंगी। नए नियम उपभोक्ताओं के अनुभव को प्रभावित करेंगे और रचनात्मक और कलात्मक अनुभव को नुकसान पहुंचाएंगे। बता दें कि ३१ मई २०२३ को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, २००४ में संशोधन कर नई नियमों को अधिसूचित किया।

# यात्रियों का मध्य रेलवे की ट्रेनों से मोहभंग!



**मुंबई :** मध्य रेलवे ने यात्रा पैटर्न में एक अजीब बदलाव का अनुभव किया है, यात्रियों का मध्य रेलवे की ट्रेनों से मोहभंग हो गया है। बता दें कि यात्रियों की दैनिक औसत संख्या में भारी कमी के साथ-साथ राजस्व में वृद्धि देखी गई है, जो पोस्ट-कोविड यात्रा और अभी के यात्रा पैटर्न को दशार्ता है।

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी इस पैटर्न को कोविड के बाद के समय में एसी लोकल की यात्रा और यात्रियों की जीवन शैली में बदलाव को जिम्मेदार बताया है। वर्तमान स्थिति की तुलना अगर पूर्व-कोविड समय से करें तो मध्य रेलवे के कुल यात्रियों की दैनिक औसत संख्या में ६.३६ लाख यात्रियों की गिरावट देखी गई है। हालांकि, इस कमी के बावजूद, यात्रियों से दैनिक औसत राजस्व में ३.२१ करोड़ रुपए की बढ़त हुई है।

सबर्बन में सीआर पर यात्रियों की दैनिक औसत संख्या ३७.०१ लाख है, जो २०१९-२० में पूर्व-कोविड अवधि के समय जब उपनगरीय यात्रियों की औसत संख्या ४२.२९ लाख थी। दोनों समय की तुलना ५ लाख से अधिक यात्रियों की कमी को दशार्ती है। सबर्बन यात्रियों में गिरावट के बावजूद दैनिक औसत राजस्व में १० लाख रुपए की बढ़त हुई है। इसी तरह मध्य रेलवे के गैर-सबर्बन स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में भी कमी देखी गई है, वर्तमान में रोज यात्रा करने वाले यात्री ४.९४ लाख हैं। वही पूर्व-कोविड में गैर सबर्बन यात्रियों की दैनिक औसत संख्या ६.०२ लाख थी। यात्री संख्या में गिरावट के बावजूद गैर-उपनगरीय यात्रियों से दैनिक औसत राजस्व में ३.११ करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है।

परिवहन विशेषज्ञ एवी शेनॉय बताते हैं कि एसी और फर्स्ट क्लास की यात्रा के प्रति झुकाव और यात्रियों की संख्या में कमी के बावजूद राजस्व में बढ़त को कोविड के बाद की दुनिया में यात्रा की प्राथमिकताओं को बदलने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। वर्क-प्रष्ठॉम-होम कल्चर को अपनाने और इंडस्ट्री के काम करने के अलग तरीकों के कारणों ने आने-जाने की आदतों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। व्यक्तियों के पास अब कॉर्पोरेट और सरकारी दोनों क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच है, जिससे वे अनावश्यक यात्रा के बिना अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

# देश में ८.८३ लाख लीटर खून की कमी...!



**मुंबई :** रक्तदान जीवनदान है, लेकिन इसकी कमी से हिंदुस्थान में हर छठे मिनट पर एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। खून की कमी होने के बावजूद २०१४ से लेकर २०१७ तक ३,४७८,६०७ लाख ब्लड यूनिट बर्बाद हुआ। ऐसा सिर्फ खून के रखरखाव में कमी की वजह से होता है यानी देश में हर साल करीब ५२१,७९१ लीटर खून बर्बाद हो रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एक यूनिट में ४५० मिलीलीटर खून होता है। एक यूनिट से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। लोकसभा में पेश रिपोर्ट के मुताबिक देश में १४ राज्यों के ७६ जिलों में अब भी ब्लड बैंक नहीं है। देश में अपनी जरूरत से ज्यादा खून सिर्फ चार राज्यों में ही जमा होता है।




# तूफानों से देश की अर्थव्यवस्था को अरबों रुपयों की चपत



**मुंबई :** प्रदूषण और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण मौसम चक्र गड़बड़ाने का दुष्परिणाम अब चक्रवाती तूफानों के रूप में सामने आने लगा है। पिछले कुछ वर्षों बढ़ी तूफानों की संख्या से देश की अर्थव्यवस्था को अरबों रुपयों की चपत लग चुकी है।

बता दें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चक्रवात 'बिपरजॉय' के कारण बड़े स्तर पर नुकसान होने की आशंका जताई है। बिपरजॉय के गुजरात के कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिलों को सबसे अधिक प्रभावित करने की संभावना है। इससे बहुत अधिक वित्तीय नुकसान होने की भी संभावना है। क्योंकि जब भी कोई तूफान आता है तो उसकी तैयारी पर राज्य और केंद्र सरकारों को हजारों करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। साथ ही इससे कारोबारियों को भी भारी नुकसान भुगतना पड़ता है। क्योंकि प्रोडक्शन के अलावा सप्लाई भी प्रभावित होती है। इससे रोजगार पर भी असर पड़ता है। इसलिए महंगाई के बढ़ने की आशंका प्रबल होती है। बीते तीन वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसी प्राकृतिक आपदाओं पर राहत एवं बचाव कार्य के लिए १,४०,४७८.१६ करोड़ रुपए से अधिक पैसा खर्च किया है। २०१९-२० में ऐसी आपदाओं के लिए केंद्र और राज्यों ने १३,४६५ करोड़ रुपए की राशि आवंटित की। इसी तरह २०२०-२१ में यह आंकड़ा २३,१८६.४० करोड़ रु का रहा जबकि २०२१-२२ में ये आंकड़ा २३,१८६.४० करोड़ रुपए का रहा।

बीते ३ सालों में कई बड़े तूफान आए हैं। इनमें 'गाजा' 'तितली' 'बुलबुल' 'फनी', 'ओखी', 'तौकते' आदि शामिल हैं, जिनके कारण कई राज्यों में काफी नुकसान हुआ।

## मॉडल पर धर्म बदलने का दबाव बनाने का आरोपी तनवीर खान बिहार से गिरफ्तार

# रांची लाने की तैयारी...




**मुंबई :** झारखंड पुलिस ने मुंबई की मॉडल को नाम छिपाकर धोखा देने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में आरोपी तनवीर खान को गिरफ्तार कर लिया है। रांची पुलिस ने बताया कि आरोपी तनवीर खान की गिरफ्तारी बिहार के अररिया जिले से की गई। सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे रांची लाया जाएगा। बिहार की रहने वाली मॉडल मानवी राज ने बीते महीने मॉडलिंग कंपनी के मालिक तनवीर खान पर धोखा देने, धर्म छिपाकर उससे दोस्ती करने और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। हालांकि, आरोपी ने इन आरोपों को खारिज कर फ्रॉड करने का आरोप लगाया था।

मानवी राज ने कहा था कि मॉडलिंग इंस्टीट्यूट के संचालक तनवीर ने मुझे अपना नाम यश बताया था। उसने मुझे धोखे दिया और मेरे साथ दोस्ती कर ली। कुछ दिन बाद मुझे पता चला कि उसका असली नाम यश नहीं बल्कि तनवीर अख्तर खान है। तनवीर अब मुझ पर शादी के लिए जोर डाल रहा है। वह मेरा भी धर्म परिवर्तन करवा कर इस्लाम में लाना चाहता है। मैंने मना किया तो उसने आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी।

रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया था कि मानवी ने 29 मई को मुंबई के वसोर्वा पुलिस थाने में शिकायत की थी। चूंकि घटना रांची की थी तो मुंबई पुलिस ने रांची पुलिस को मामला सौंप दिया है। अब हम मामले में एफआईआर दर्ज करेंगे। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुंबई पुलिस का कहना है कि वसोर्वा पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 376(2) (ठ), 328, 506, 504, 323 और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## रिंपल ने अपनी मां की हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव के टुकड़े-टुकड़े किए थे



**मुंबई :** लालबाग पेरू कंपाउंड में १५ मार्च को हुई ५५ वर्षीय वीणा जैन की निर्मम हत्या की चार्जशीट काला चौकी पुलिस ने मझगांव कोर्ट में दाखिल कर दिया है। इस हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतिका की बेटी रिंपल को गिरफ्तार किया है जो कि फॉरेंसिक रिपोर्ट से कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिससे साफ हो गया है कि रिंपल ने अपनी मां की हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव के टुकड़े-टुकड़े किए थे। पुलिस ने कोर्ट में दाखिल किए चार्जशीट में फॉरेंसिक रिपोर्ट भी दी है। जिसमें बताया गया है कि वीणा के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला किए जाने के निशान हैं। पुलिस ने टूटी हुई पसलियों और गर्दन को भी देखा। जो गला घोंटने के संकेत हैं। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि वीणा के शरीर पर कुछ चोटें पिछली घटना के चश्मदीदों के बयानों से मेल खाती हैं। कहा गया था कि वीणा सीढ़ियों से गिर गई थीं, लेकिन वे चोटें मौत का कारण नहीं थीं। इसके अलावा वीणा के खून से मेल खाने वाला एक खून से सना पेवर ब्लॉक पुलिस को मिला जिससे रिंपल की मुश्किलें बढ़ गई है। हालांकि, रिंपल ने अभी तक अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल नहीं की है। काला चौकी पुलिस द्वारा दायर की गई ३५० पन्नों की चार्जशीट में रिंपल के खिलाफ मिले ठोस सबूतों का जिक्र है, जिसमें पड़ोसियों और वीणा के भाइयों के बयान भी शामिल हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि रिंपल अक्सर छोटी-छोटी बातों पर अपनी मां के साथ मारपीट करती थी। एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि चार्जशीट साक्ष्य को दशार्ती है।

# महाराष्ट्र और गुजरात में NDRF की 33 टीमें तैनात...

## निचले इलाकों में बारिश और बाढ़ की आशंका




**महाराष्ट्र :** गुजरात के कच्छ जिले में जखौ बंदरगाह के पास चक्रवात 'बिपरजॉय' के संभावित दस्तक से पहले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने गुजरात और महाराष्ट्र में राहत और बचाव अभियान चलाने के लिए कुल 33 टीमों को जिम्मा सौंपा गया है. यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी. एनडीआरएफ की 18 टीमों को गुजरात में रखा गया है, एक को दीव में तैनात किया गया है. दीव उत्तर में गुजरात के गिर सोमनाथ और अमरेली जिलों से और तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है.

अधिकारियों ने गुजरात में एनडीआरएफ की तैनाती का खाका देते हुए कहा कि एनडीआरएफ की चार टीमों को कच्छ जिले में, राजकोट और देवभूमि द्वारका में तीन-तीन, जामनगर में दो, पोरबंदर, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, मोरबी, वलसाड और गांधीनगर में एक-एक टीम तैनात की गई है. अधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में एनडीआरएफ की कुल 14 टीमों में से पांच को मुंबई में तैनात किया गया है जबकि बाकी को तैयार स्थिति में रखा गया है. उन्होंने बताया कि इनमें से प्रत्येक टीम में लगभग 35-40 कर्मी हैं और वे पेड़ और खंभा कटर, बिजली से चलने वाली आरी, हवा भरकर फुलाये जाने वाली नौका और आम बीमारियों की दवाएं और राहत सामग्री से लैस हैं.

### लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक (अभियान) मोहसिन शहीदी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य के अधिकारियों और एनडीआरएफ ने पिछले दो दिनों में गुजरात के तटीय इलाकों में बड़े पैमाने पर लोगों को निकालने का अभियान चलाया है और 45,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. उन्होंने कहा कि संघीय आपदा रोधी बल के लिए ''मुख्य ध्यान वाला क्षेत्र'' गुजरात का सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र है जहां आठ जिलों और 442 निचले इलाकों के गांवों के चक्रवात के प्रभाव से तेज बारिश और बाढ़ से प्रभावित होने की आशंका है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 'बिपरजॉय' बुधवार को मार्ग बदलने और उत्तर-पूर्व दिशा में कच्छ तथा सौराष्ट्र की ओर बढ़ने को तैयार है और यह गुरूवार शाम को जखौ बंदरगाह के पास पहुंचेगा.

## चौपाटी पर मनपा 120 सुरक्षा गार्ड नियुक्त करेगी



**मुंबई :** मनपा ने अब १२० सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग को दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महानगर में गिरगांव, दादर, जुहू, वसोर्वा, अक्सा और गोराई बीच पर दो चरणों मे १२० सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। जिनमें ६० प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे के बीच और ६० प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड दोपहर ३ बजे से ११ बजे के बीच ड्यूटी पर होंगे। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। ये सभी सुरक्षा गार्ड सभी छह समुद्री चौराहों पर आपदा बचाव के लिए तैनात होंगे। इन्हें पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया है।



# बुर्के आड़ में महिला डॉक्टर बन 20 दिन तक सरकारी अस्पताल में किया मरीजों का इलाज...

## हिजाब उठाया तो निकला पुरुष

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नागपुर के सरकारी इंदिरा गांधी मेडिकल अस्पताल एवं कॉलेज परिसर में एक बड़ा ही रोचक मामला सामने आया है. पिछले 20 दिनों से बुर्का पहनकर एक डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रही थी. इतना ही नहीं कुछ मरीजों से उसने दोस्ती भी कर ली, लेकिन अस्पताल के सुरक्षा गार्डों को उसकी गतिविधियों पर शक हो गया. उन्होंने जब डॉक्टर का हिजाब उठाकर देखा तो वो महिला नहीं बल्कि पुरुष निकला. तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया. बता दें कि आरोपी युवक का नाम जावेद (32) है. जावेद कंप्यूटर मैकेनिक है. जावेद ने बताया कि वह समलैंगिक है. पुरुषों से दोस्ती करना उसे उच्छा लगता है. इसलिए वह बुर्का पहनकर डॉक्टर के भेष में अस्पताल आता था. करीब 20 दिनों से वह मरीजों को अस्पताल में देख रहा था. ज्यादातर पुरुष मरीजों को देखता था. जावेद ने कहा कि बुर्के में होने के कारण कोई उसे पहचानता नहीं था.



**सुरक्षा गार्डों को शक हुआ तब खुली जावेद की पोल**

अस्पताल के सुरक्षा गार्डों को जब जावेद की हरकतों पर संदेश हुआ तो उन्होंने इसकी तहकीकात शुरू की. लगातार तीन-चार दिन तक उस पर नजर रखने के बाद एक दिन संतोषी नाम की महिला कर्मचारी ने जावेद को रोक कर उसका नाम पूछा. इस पर जावेद ने अपना नाम आयशा सिद्दीकी बताया. बातचीत में वह महिलाओं की आवाज निकाल रहा था. जब संतोषी ने उससे कहा कि अपना बुर्का उतारो तो उसने मना कर दिया.

**समलैंगिक है जावेद, अस्पताल में पुरुष मरीजों का करता था इलाज**

आशया बने जावेद ने कहा कि यहां पर काफी संख्या में पुरुष खड़े हैं. मैं इनके सामने बुर्का कैसे उतारूं? ऐसे में संतोषी अपने सहयोगी के साथ उसे कमरे में ले गई और जब उसने बुर्का खोला तो सभी आश्चर्यचकित रह गए. पुलिस के सख्ती बरतने पर जावेद ने खुद को समलैंगिक होना बताया. उसने यह भी बताया कि बुर्के में होने से वह आसानी से किसी पुरुष को फंसा सकता था. इस वह बुर्का पहनकर अस्पताल आता था.

**इलाज के बहाने लेते था मरीजों का नंबर**

जावेद ने बताया कि वह अस्पताल में डॉक्टर बनकर आता था. पुरुष मरीजों और उनके रिश्तेदारों का नंबर लेता था. जब पुलिस को उस पर यकीन नहीं हुआ तो उसका मोबाइल चेक किया. जावेद ने एक नंबर 'माय लव' नाम से सेव कर रखा था. जब पुलिस ने उस पर फोन मिलाया तो किसी पुरुष ने उठाया. उसने बताया कि जावेद उससे महिला की आवाज में बात करता था. यह सुनकर पुलिस भी हंस पड़ी. फिलहाल जावेद इस समय पुलिस की गिरफ्त में है.

# शिल्पा शेट्टी के घर पर हुई चोरी के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के घर में हुई चोरी के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह अभिनेत्री के जुहू स्थित घर से कुछ बेशकीमती सामान कथित तौर पर चोरी हो गया था। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर जुहू थाने में चोरी का एक मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि जांच दल ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

# ज्वैलर्स की दुकान में हाथ चालाकी से आभूषण चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल जप्त

**वसई।** आभूषण की दुकान में सोना खरीदने का झांसा देकर सोनार से बात करते करते हाथ चालाकी कर सोने के आभूषण चुराने वाले आरोपी को विरार पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।इनकी गिरफ्तारी से 6 अपराधों का खुलासा हुआ है 6 लाख से अधिक का माल जप्त किया गया है।यह कार्रवाई परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार थाने के सीनियर पी.आई राजेन्द्र कांबले व पो.नि. दिलीप राख (गुन्हे) के नेतृत्व क्राइम डिटेक्शन पो.उप.नि. संदेश राणे की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है।पुलिस ने



बताया कि 1 जून को शिकायतकर्ता मोहन भगवान ओझा (47) जब वह अपनी वैभव ज्वेलर्स की दुकान, विरार पूर्व में था तो एक अज्ञात महिला सोने के गहने खरीदने के बहाने उसकी दुकान में घुसी और शिकायतकर्ता को बातचीत में उलझाकर सोने के गहने चुरा ले गई। इस मामले में मोहन ने विरार थाने में शिकायत दर्ज करवाया था जिसमे पुलिस ने आरोपी के ऊपर कलम 380,34 के तहत केस दर्ज किया था।पुलिस ने बताया कि उक्त अपराध के खुलासे के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुसार विरार थाना क्राइम डिटेक्शन टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगभग 50 से 55 स्थानों के सीसीटीवी की जांच की है, फुटेज देखने के बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए वाहन का इस्तेमाल किया।उसके बाद सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के मुताबिक व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी बालकृष्ण ज्ञानेश्वर गायकवाड व महिला आरोपी ज्योती जसवंत सोलंकी को ठाणे के अंबरनाथ से हिरासत में लिया।

# 2 शातिर चोर गिरफ्तार



**वसई :** विरार पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम ने सोना खरीदने का झांसा देकर दुकानदार से बात कर आभूषण चुराने वाले दो आरोपी को ठाणे जिला से गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के गिरफ्तारी से 6 अपराधों का खुलासा हुआ हैं। यह कार्रवाई परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पी. आई राजेन्द्र कांबले व पो.नि. दिलीप राख के नेतृत्व क्राइम डिटेक्शन पो. उप.नि. संदेश राणे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि 1 जून को विरार पूर्व के वैभव ज्वेलर्स नामक दुकान में शिकायतकर्ता मोहन भगवान ओझा (47) मौजूद था। उसी दौरान एक अज्ञात महिला सोने के गहने खरीदने के बहाने दुकान में घुसी और ओझा को बातचीत में उलझाकर सोने के गहने चुरा कर फरार हो गई थी।

## मनपा पी दक्षिण विभाग के प्रभारी आयुक्त राजेश

# पांच एकड जमीनपर फिल्म स्टुडियो कै लिए संजय गर्ग और केजरीवाल ने किया अवैध निर्माण

**मुंबई :** मुंबई में खाली जमीन पर अब अवैध निर्माण करना होवा आसान,बस आप की जेब में पैसा होना चाहिए मुंबई मे आम आदमी अपना घर बनाने के लिए एक विट भी लगता है तो मुंबई महानगरपालिका के आला अधिकारी उसे टोड कर उस आम आदमी के सपने चुर चुर कर देते हैं,इसी मुंबई के गोरेगांव ईस्ट आरे कॉलोनी रोयल पाल्मस पम्प होटल के पास में एक ऐसा मामला सामने आया है यहां पर संजय गांग और केजरीवाल ने मुंबई महानगरपालिका के नियम को ताक पर रख कर सन २०२१ में कोरोना कोवीड १९ के दौर में महानगरपालिका पी दक्षिण विभाग के सहायक आयुक्त और ईमारत विभाग के सहायक






अभियंता पद निर्देशित अधिकारी के बल पर अंदाजे पांच एकड़ खाली जमीन पर बीस हजार चौ फुट के पांच गोडाउन जीस की उंचाई ६० फिट के करीब है फिल्म स्टूडियो के लिए अवैध तरीके से निर्माण कर इसे किराय पर दिया है, सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार स्टूडियो का अवैध निर्माण करवाने के लिए मनपा पी दक्षिण ईमारत विभाग के अधिकारि और सहायक आयुक्त को संजय गग और केजरीवाल ने करोड़ों रुपए प्रदान किए हैं,अंधेरी वेस्ट लिंक रोड पर एक ऐसे ही स्टोडीयो में हादसा होने से एक मजदूर की जगह पर मौत हो गई थी,आप को बता दे की मुंबई महानगरपालिका द्वारा झोपड़पट्टी का निर्माण करने के लिए १४ फिट उंची से ज्यादा अनुमती नहीं दी जाती.

# पोषण पुनर्वास केन्द्रों से कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकलते बच्चे

## 6 पोषण पुनर्वास केन्द्रों से 2 हजार से अधिक कुपोषित बच्चे हुए लाभान्वित

### पोषण पुनर्वास केन्द्र में कोई भी बेड ना रहे खाली, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दे रखे है निर्देश



**रायगढ़।** देश व समाज की अमूल्य पूंजी उसका मानव संसाधन होती है, जिससे समाज का विकास परिलक्षित होता है। यहीं दूरगामी सोच राज्य शासन की योजनाओं में भी दिखाई दे रही है। जो बच्चों को शत-प्रतिशत सुपोषित कर स्वस्थ समाज बनाने की संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। शासन द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, पूरक पोषण आहार के साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र भी संचालित किए जा रहे है। जहां गंभीर कुपोषित बच्चों को रखकर उनका उपचार किया जाता है व उनकी देखरेख होती है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बच्चों के कुपोषण मुक्ति को लेकर लगातार विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे है। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की बैठकों में कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सुचारू संचालन पर उनका विशेष जोर रहता है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कोई भी बेड खाली ना रहे इसके विशेष निर्देश कलेक्टर श्री सिन्हा ने दे रखे है। उनके पहल पर तमनार में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र प्रारंभ हाल ही में शुरू हो गया है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को एक निश्चित दिन तक विशेष निगरानी में उन्हें पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। जहां 6 माह से 5 साल तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को प्राथमिक रूप से 15 दिन तक भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार देकर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में उनका इलाज किया जाता है तथा अति गंभीर कुपोषित होने पर बच्चों को 21 दिन तक भी रखा जाता है।

इस दौरान भर्ती किये जाने वाले बच्चों का स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया जाता है। जिसमें सही मात्रा में कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया जाता है। साथ ही यहां उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान किया जाता है। प्रतिदिन बच्चों का वजन कर उसी के हिसाब से उनको भोजन एवं दवाइयाँ दी जाती है। एनआरसी से बच्चे की छुट्टी होने के बाद बच्चे का प्रत्येक 15 दिन में कुल 4 बार फॉलोअप भी किया जाता है।

### 2 हजार बच्चों को मिला नया जीवन

जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को बेहतर ढंग से सुपोषित करने के उद्देश्य से जिले के रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा, कापू में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का संचालन किया जा रहा है। जिससे जिले के गंभीर कुपोषित बच्चे लाभान्वित हो रहे है। इसके साथ भी आवश्यकतानुसार जिले के अन्य स्थानों में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र तैयार करने की योजना बनायी जा रही है। जिसमें अब तक अप्रैल 2023 की स्थिति में 2 हजार 193 गंभीर/अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार के बाद नया जीवन मिला है।

### बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन का होता है इंतजाम, पालकों की होती है काउंसलिंग

एनआरसी में रसोई एवं शौचालय की सुविधा भी मौजूद है। साथ ही केन्द्रों का माहौल बच्चों के अनुकूल तैयार किया जाता है। बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद की यहां समुचित व्यवस्था होती है। बच्चे के साथ एनआरसी आने वाली उनकी माता या उनके साथ आने वाले परिजनों को भी दिन में 2 समय भोजन और प्रतिदिन 150 रुपया के हिसाब से 2250 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। कुपोषण को दूर करने में सही जीवन शैली व खानपान का विशेष महत्व होता है। जिसे ध्यान रखते हुए यहाँ प्रतिदिन स्टॉफ नर्स के द्वारा माताओं की काउंसलिंग की जाती है। जिसमें उन्हें बच्चों के देखरेख, टीकाकरण, पोषण और स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी जाती है।

# कोलकाता एयरपोर्ट में चेक इन काउंटर के पास लगी आग, मची अफरातफरी

कोलकाता। कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार रात आग लग गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के सूत्रों के मुताबिक, एयरपोर्ट के चेक इन काउंटर के पास अचानक आग लग गई। पूरा इलाका धुएं से भर गया। सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। कुछ देर बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।



राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ।

कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने अभी तक आग लगने का कोई कारण नहीं बताया है। लगभग 9:15 बजे, कई चश्मदीदों ने गेट 3 के पास एक सुरक्षा जांच काउंटर के किनारे से धुंआ निकलते हुए देखा। घटना से एयरपोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के सूत्रों के मुताबिक, हालांकि दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# मणिपुर में ताजा हिंसा में उग्रवादियों ने 9 लोगों की जान ले ली और 25 को घायल कर दिया

### अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताई जा रही है

**इंफाल।** इंफाल पूर्वी जिले के खमेलोक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में 9 ग्रामीणों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अनौपचारिक सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 11 बताए है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने मंगलवार रात खमेलॉक गांव पर हमला किया और ग्रामीणों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की जिसमें नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पीड़ित या तो सो रहे थे या अभी-अभी खाना खाया ही था कि चरमपंथियों ने अपने परिष्कृत हाथों से गोलियों की बौछार कर दी। घायलों को तुरंत विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# कांग्रेस का इलेक्शन प्लान : 28 हजार बूथों तक जाएंगे 10 हजार नेता

### जुलाई से विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण, फिर संकल्प शिविर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने पांच संभागों के सम्मेलन के बाद अब 90 विधानसभा में प्रशिक्षण शिविर की तैयारी कर ली है. प्रदेश कांग्रेस के नेता सभी विधानसभाओं में जाएंगे और कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति के बारे में बताएंगे. लोगों से किस तरह संपर्क करना है, राज्य सरकार की योजनाएं कौन सी हैं और कितने लोग उससे लाभान्वित हुए हैं, यह सब डिटेल रखी जाएगी, जिसे फोकस कर कांग्रेस चुनाव के समय मतदाताओं के बीच जाएगी.

राज्य में 15 साल के वनवास के बाद कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई है. कांग्रेस के नेता फिर से सरकार बनाने के लिए आश्वस्त हैं, लेकिन वे कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए चरणबद्ध तरीके से कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने और मतदाताओं तक पहुंचने की रणनीति पर काम किया जा रहा है. इसकी एक कड़ी के रूप में संभागीय सम्मेलनों



का आयोजन किया गया. इसके बाद विधानसभाओं में प्रशिक्षण होगा. इसके बाद विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविरों का आयोजन किया जाएगा. जो सबसे बड़ा अभियान होगा, वह 28 हजार बूथों तक पहुंचने का है।

इसके लिए दस हजार नेता तय किए गए हैं, जो इन बूथों तक जाएंगे और बूथ की संरचना बनाने से लेकर उन्हें चुनावी रणनीति के हिसाब से तैयार करेंगे. सीएम भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा और राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है. प्रदेश महामंत्री (प्रशासन) रवि घोष संगठन में समन्वय की जिम्मेदारी देख रहे हैं.

### लाभार्थियों तक जाएंगे यूथ कांग्रेसी

कांग्रेस के साथ-साथ यूथ कांग्रेस के लिए भी जवाबदारी तय की गई है. इसके अंतर्गत युवाओं को अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों तक भेजा जाएगा. वे हितग्राहियों से चर्चा कर लाभार्थी कार्ड भरेंगे. इस तरह फीडबैक लिया जाएगा. साथ ही, प्रदेशभर में लाभार्थियों का एक डाटा बेस तैयार हो जाएगा, जिसके जरिए कांग्रेस यह बताएगी कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ कितने लोगों को मिल रहा है.

### मंत्रियों को विधानसभा की जिम्मेदारी

राज्य सरकार के अंग के रूप में अलग-अलग जिलों के प्रभारी की भूमिका से अलग अब चुनावी रणनीति के तहत मंत्रियों को विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी जाएगी. सीएम सहित मंत्रिमंडल के 13 सदस्यों में 90 विधानसभाओं को बांटा जाएगा. सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में जाएंगे और बूथ कमेटियों की बैठक लेंगे. इस बैठक के जरिए कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने की कोशिश की जाएगी.

### दूरियां खत्म करने की कवायद भी

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा के नेतृत्व में बड़े नेताओं के बीच दूरियां खत्म करने की भी कवायद चल रही है. संभागीय सम्मेलनों के जरिए कुछ इसी तरह का संदेश देने की कोशिश की गई. खासकर सरगुजा संभाग की बैठक के बाद जो वीडियो सामने आए हैं, उससे पार्टी के नेता उत्साहित हैं. समन्वय और संवाद में किसी तरह की कमी न रहे, इसलिए अलग-अलग मंत्रियों के निवास पर बैठक की रणनीति पर भी काम किया जा रहा है. वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निवास पर डिनर के बाद बुधवार को प्रमुख नेता कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के निवास पर पहुंचे थे.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 16 जून 2023








# 'मुझे कॉल आया...' अविका गौर का छलका दर्द, सलमान खान की दो फिल्मों से ऐसे किया गया बाहर

सीरियल बालिका वधू की आनंदी यानि अविका गौर ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए बताया है कि उन्हें सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से निकाल दिया गया था. उनके साथ ऐसा फिल्म 'अंतिम' की कास्टिंग के दौरान भी हुआ था. बॉलीवुडलाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक, अविका ने कहा कि उन्होंने रोल के लिए मना नहीं किया था, लेकिन 'किसी का भाई किसी की जान' की टीम ने उन्हें फिल्म में नहीं लिया और उन्हें इसकी वजह का पता नहीं है. उन्होंने कहा कि उन्हें रोल के लिए कंफर्म कर दिया गया था, पेपरवर्क भी हो गया था बस उन्हें फिल्म साइन करनी थी. उन्होंने कहा- ''मुझे कॉल आया कि वह फिल्म में किसी और को ले रहे हैं. मैं अगले दिन फिल्म साइन करने वाली थी.''

'किसी का भाई किसी की जान' में सलमान खान और पूजा हेगड़े लीड रोल में थे. उनके साथ इसमें पलक तिवारी, शहनाज गिल, राघव जुयाल, जसी गिल, भूमिका चावला और सिद्धार्थ निगम भी थे. अविका गौर ने बताया कि उन्हें आशंका थी कि उनके साथ ऐसा फिर से हो सकता है क्योंकि 'अंतिम' फिल्म के समय भी उनके साथ यही हुआ था और उस समय भी फिल्म की टीम यही थी. अंतिम से उन्हें शूटिंग के दो हफ्ते पहले निकाल दिया गया था. उन्होंने कहा- ''मेरे साथ इसी टीम के साथ ऐसा एक बार और हुआ था. शूटिंग के दो हफ्ते पहले उन्होंने कॉल करके कहा कि उन्होंने किसी और को ले लिया है. लेकिन यह सब होता रहता है.'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अंतिम की बात कर रही हैं तो उन्होंने कहा- ''यह उनके ऊपर डिपेंड करता है. उनके अपने कुछ कारण होंगे, उन्हें ज्यादा अच्छे से पता है.''

# सालार के क्रू मेंबर्स के लिए प्रभास ने दिखाई ऐसी दरियादिली, सुनकर पिघल जाएगा फैंस का दिल



प्रभास फिल्म आदिपुरुष को लेकर खबरों में छाए हुए हैं। शुक्रवार को साल 2023 की मच अवेटेड फिल्म रिलीज होने जारी है। इस बीच एक्टर को लेकर खुश कर देने वाली जानकारी सामने आई है। प्रभास, आदिपुरुष के साथ कुछ और बड़े बजट के प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, इनमें से एक है सालार। इस फिल्म का डायरेक्शन केजीएफ 1 और केजीएफ 2 के निर्देशक प्रशांत नील कर रहे हैं। ऐसे में फिल्म का बज अनाउंसमेंट से ही बना हुआ है। सालार को लेकर अब जानकारी सामने आई है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, अभी मेकर्स की तरफ से आधिकारिक घोषणा करना बाकी है। इस बीच एक्टर को लेकर जानकारी सामने आई है ।

प्रभास ने शूटिंग खत्म होने पर सारे क्रू मेंबर्स को ऐसा तोहफा दिया है कि हर किसी को खुश कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्टर ने सालार के लिए काम करने वाले सभी क्रू मेंबर्स को 10 हजार की रकम वाला गिफ्ट कूपन दिया है। प्रभास का अपनी टीम के लिए ये रवैया फैंस के दिलों को छू गया और उन्होंने एक्टर को दयालु कहा। सालार के कास्ट की बात करें तो फिल्म में प्रभास के साथ श्रुति हासन मुख्य भूमिका में हैं। यह पहला मौका होगा जब दोनों एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए नजर आएंगे। श्रुति और प्रभास के अलावा सालार में पृथ्वीराज सुकुमार, जगपति बाबू, ईश्वरी राव और श्रेया रेड्डी भी हैं।



# मानुषी ने निखिल कामथ को डेट करने की अफवाह पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- 'यह जीवन का बेहद...

मिस वर्ल्ड से बॉलीवुड एक्ट्रेस बनने तक का सफर तय करने वालीं मानुषी छिल्लर बीते लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। मानुषी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत अक्षय कुमार संग फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से की थी। हालांकि, यह फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई लेकिन मानुषी की एक्टिंग को दर्शकों के जरिए काफी सराहना मिली। फिल्मों से उलट मानुषी को लेकर बीते कई दिनों से यह दावा किया जा रहा है कि वह बिजनेसमैन निखिल कामथ के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, इस बात में कितनी सच्चाई है इसका खुलासा अब खुद मानुषी ने करते हुए सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है।

मानुषी छिल्लर और निखिल कामथ के रिश्ते में होने की अफवाह ने तब तूल पकड़ा था, जब दोनों की ऋषिकेश से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। मानुषी-निखिल को लेकर दावा किया गया कि दोनों वर्ष 2021 से साथ हैं, और रिलेशनशिप में काफी सीरियस हैं। इतना ही नहीं मानुषी को लेकर यह तक कहा गया था कि वह इस समय अपना पूरा ध्यान करियर पर लगाना चाहती हैं, इसलिए वह रिश्ते को ऑफिशियल करने से बच रही हैं। हालांकि, अब इन सभी चचाओं पर खुद मानुषी ने चुप्पी तोड़ी है, और अपने बयान से हर किसी को दंग कर दिया है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .